DATE :- 30-08-2025

DANIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT

# मेट्रो रूट पर 20 किमी रोड से जल्द ही हटेंगे बैरिकेड, यातायात होगा सुगम

## अब तक 16 किमी मेट्रो मार्ग की बैरिकेडिंग हट चुकी

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत



शहर में लगातार हो रही बारिश के बीच लोगों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए शुक्रवार को सूरत महानगरपालिका के मेयर और स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सूरत मेट्रो प्रोजेक्ट के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर समेत परियोजना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी और मनपा के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का मुख्य एजेंडा मेट्रो प्रोजेक्ट के कारण शहर में रोड, बैरिकेडिंग और ड्रेनेज से जुड़ी समस्याओं का समाधान रहा। अधिकारियों ने बताया कि जहां मेट्रो का कार्य पूरी हो चुकी है, वहां से बैरिकेडिंग हटा दी गई है और सड़कों को आमजन के लिए खोल दिया गया है। वर्तमान में करीब 16 किलोमीटर मेट्रो लाइन पर बैरिकेडिंग पूरी तरह हट चुकी है, जबकि मात्र 13 किलोमीटर हिस्से पर ही बैरिकेडिंग शेष है। आने वाले दो महीनों में अतिरिक्त 3 किलोमीटर मार्ग से भी बैरिकेडिंग हटा ली जाएगी। यानी वर्ष के अंत तक लगभग 20 किलोमीटर लंबा रूट बैरिकेडिंग मुक्त हो जाएगा।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जहां मेट्रो की भूमिगत अथवा यूटिलिटी कार्य चल रहा है, वहां सुरक्षा कारणों से बैरिकेडिंग बनी रहेगी। बारिश से प्रभावित हुए मार्गों की मरम्मत की जिम्मेदारी मेट्रो प्रोजेक्ट के ठेकेदारों को सौंपी गई है, जिनके पास पर्याप्त जनशक्ति और उपकरण मौजूद हैं।

**सड़कों की मरम्मत का कार्य जारी** | कई जगहों पर मरम्मत का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है और शेष जगहों पर तेजी से काम जारी है। ड्रेनेज लाइनों को हुए नुकसान की मरम्मत नगर निगम के विशेषज्ञ ठेकेदारों द्वारा कराई जाएगी। जिसकी लागत का वहन मेट्रो प्रोजेक्ट करेगा। मेट्रो प्रोजेक्ट के चलते शहरवासियों को होने वाली कठिनाइयों को कम करने के लिए प्रशासन और प्रोजेक्ट टीम मिलकर निरंतर प्रयासरत हैं।